दो साल की मासूम नैन्सी पर आवारा श्वान का हमला

मनोहरपुर। कस्बे के शांतिनगर में घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय मासूम नैन्सी पर अचानक आवारा श्वान (कुत्ते)ने हमला कर दिया। श्वान के काटने से बच्ची घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे शाहपुरा रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार नैन्सी पुत्री सुनील खाटूमरिया अपने मकान के गेट के पास खेल रही थी। इसी दौरान अचानक एक श्वान ने उस पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में करीब5 से 7 आवारा श्वानलगातार मंडराते रहते हैं। ये श्वान बच्चों को काटने के लिए दौड़ते हैं, जिससे छोटे बच्चों के साथ-साथ महिलाओं और बुजुर्गों का भी घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा श्वानों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग की है।

'हरियालो राजस्थान अभियान में 31 अगस्त तक पौधों की जियोटैगिंग सुनिश्चित करें'

- बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

भरतपुर। जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि विभागीय लक्ष्यों के तहत लगाए गए पौधों की आगामी 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जियोटैगिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित पौधारोपण लक्ष्य को समय पर शत् प्रतिशत पूरा करें, ताकि जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार हो सके।

उन्होंने बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संवाद कर उन्हें पौधारोपण के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने तथा अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने करने की बात कही। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को वन, कृषि, शिक्षा, उद्योग एवं सेना विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर पौधारोपण एवं जियोटैगिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल के माध्यम से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ने जल अर्पण अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि 73 गांवों में से 65 गांवों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिला कलक्टर ने शेष कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अपनी अधीनस्थ टीम के साथ नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रसूता महिलाओं का समुचित डेटाबेस तैयार करने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं को समय पर रेफरल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आईसीडीएस एवं सीएमएचओ को निर्देश दिए कि विभागीय टीमों के माध्यम से प्रसूता महिलाओं के जनआधार सहित आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराई जाए।

करौली के दो कावड़ियों की मौत, चार घायल

- डाक कावड़ लेकर जा रहे तीन बाइक सवार कावड़ियों को एक कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी

भरतपुर। आगरा जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर लखनपुर थाना क्षेत्र में हुई दो अलग अलग घटनाओं में करौली क्षेत्र के दो कावड़ियों की मौत हो गई जबकि चार कावड़िये गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक बाइक को कंटेनर ने और दूसरी बाइक को स्लीपर कोच बस ने टक्कर मारी। पहली घटना बीती देर रात डेढ़ बजे डेहरा गांव पर डाक कावड़ लेकर जा रहे तीन बाइक सवार कावड़ियों के साथ हुई जिन्हें एक कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी।

घटना में रूप सिंह सैनी, चेतराम, हंसराज निवासी उड्दैनी जिला करौली घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत आरबीएम अस्पताल लेकर जाया गया। तीनों घायल कावड़ियों को जयपुर रेफर कर दिया गया। जयपुर ले जाते समय हंसराज की हलैना में मौत हो गई। हंसराज के शव को हलैना अस्पताल में रखवा कर परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। दूसरी घटना आज अलसुबह साढ़े चार बजे हाईबे के लुलहारा और बांसी गांव के बीच हुई जिसमें बाइक पर चल रहे तीन कावड़ियों को एक स्लीपर कोच बस ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में हीरा सिंह, रामवीर, गौरव निवासी तिघरिया जिला करौली गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीनों घायलों को आरबीएम अस्तपाल लाया गया जहां रामवीर को मृत घोषित कर दिया गया। दोनों घायलों का इलाज आरबीएम अस्पताल में जारी है। मृतक के शव को आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

मिस एंड मिसेज बनास ग्रैंड फिनाले आयोजित

टोंक। नटराज स्टूडियोज की ओर से आयोजित 'मिस एंड मिसेज बनास 2026' का भव्य ग्रैंड फिनाले द ओशियन रिसोर्ट टोंक में आयोजित किया गया।

सौंदर्य, आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति के रंगों से सजे इस आयोजन को दर्शकों ने खूब सराहा। यह टोंक में अपनी तरह का पहला भव्य आयोजन रहा। प्रतियोगिता के मिस वर्ग में अदिति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस बनास 2026 का खिताब अपने नाम किया। वही अर्पिता शर्मा फर्स्ट रनर-अप तथा दीप्ति मेहरा सेकंड रनर-अप रहीं। रेनू सोनी फर्स्ट रनर-अप तथा प्रियंका गौतम सेकंड रनर-अप रहीं। प्रतियोगिता में जूरी सदस्य के रूप में लखविंदर सिंह व हिम्मत शेखावत फिल्म डायरेक्टर एवं राइटर तथा अवंतिका वशिष्ठ मेकअप आर्टिसिस्ट मौजूद रहे।

टोंक में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

टोंक। नगर निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन एवं निर्वाचन विभाग की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टीना डाबी कि उपस्थिति में सोमवार को एनआईसी कक्ष में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान नगर निकाय आम चुनाव के लिए नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

टीना डाबी ने सोमवार को एनआईसी कक्ष में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया।

आगामी चरणों में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दलों के गठन एवं अन्य आवश्यक निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। प्रथम रेंडमाइजेशन के माध्यम से मतदान कार्मिकों की निर्वाचन प्रक्रिया में ड्यूटी निर्धारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम पूरा हुआ।

पौधरोपण एवं जागरूकता रैली सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित

कोटपूतली। आगामी निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने एवं अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिला स्वीप प्रभारी गोपाल मीणा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर रंगोली कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से आकर्षक एवं रचनात्मक तरीके से मतदान के महत्व, मताधिकार के प्रयोग तथा अधिकाधिक मतदान का संदेश दिया गया।

- विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से आकर्षक एवं रचनात्मक तरीके से मतदान के महत्व, मताधिकार के प्रयोग तथा अधिकाधिक मतदान का संदेश दिया

'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया।

इसी क्रम में 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा आगामी निर्वाचन में स्वयं मतदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

मतदाता जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में प्रतिभागियों ने मतदान के महत्व से संबंधित नारों एवं संदेशों के माध्यम से आमजन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में 'मेरा मत, मेरा अधिकार', मतदान में सक्रिय भागीदारी एवं अधिकाधिक मतदान का संदेश आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाताओं से आगामी निर्वाचन में बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

कोटपूतली में मतदान दलों का रैंडमाइजेशन संपन्न

कोटपूतली। आगामी नगरीय निकाय चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान दलों का प्रथम रैंडमाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

चुनाव कार्य में नियुक्त किए गए मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों से अवगत कराने के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम भी तय कर दिया गया है। इसके तहत पीआरओ (पीठासीन अधिकारी) और पीओ-1 (प्रथम मतदान अधिकारी) का प्रथम प्रशिक्षण आगामी 31 अगस्त, 1 सितम्बर तथा 2 सितम्बर को लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली में आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रेंडमाइजेशन के प्रकिया करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में मतदान दलों को चुनाव से जुड़े तकनीकी नियमों, ईवीएम-वीवीपीएटी के संचालन और व्यावहारिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। निर्वाचन विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

पावटा नगरपालिका में एक ही निकाय में मतदाताओं की संख्या में भारी अंतर

- पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में कहीं एक वार्ड में करीब 1800 मतदाता हैं तो कहीं महज 400 मतदाता होने की बात सामने आ रही है
- सामान्य वर्ग बहुल वार्ड में आरक्षित सीट को लेकर लोगों ने मांगा स्पष्ट जवाब

पावटा। नगर निकाय चुनावों से पहले वार्डों की स्थिति और वार्ड सीटों में आरक्षण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में कहीं एक वार्ड में करीब 1800 मतदाता हैं तो कहीं महज 400 मतदाता होने की बात सामने आ रही है। मतदाताओं की संख्या में इतने बड़े अंतर ने वार्डों के गठन और समान प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एक वार्ड में दूसरे वार्ड की तुलना में कई गुना अधिक मतदाता हैं, तो दोनों वार्डों को समान प्रतिनिधित्व मिलने की व्यवस्था पर चर्चा होना स्वाभाविक है। लोगों ने वार्डवार आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग की है। आरक्षण को लेकर भी स्थानीय स्तर पर चर्चाएं गर्म हैं।

लोगों का कहना है कि जिस वार्ड में सामान्य वर्ग की संख्या अधिक बताई जा रही है, वहां आरक्षित सीट निर्धारित होने को लेकर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। नागरिकों का कहना है कि आरक्षण निर्धारित नियमों के अनुसार होता है, लेकिन वार्डवार जनसंख्या, मतदाता संख्या और वर्ग वार आंकड़े सार्वजनिक होने से पूरी प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। वार्डों में कथित रूप से मतदाताओं का अंतर होने से अब परिसीमन और वार्ड गठन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्डों की सीमाएं तय करते समय आबादी और मतदाता संख्या में संतुलन का ध्यान रखा जाना चाहिए।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी वार्डों की जनसंख्या, मतदाता संख्या, आरक्षित एवं सामान्य वर्ग की संख्या और आरक्षण का आधार सार्वजनिक किया जाए, ताकि चुनाव से पहले स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सके। नगर निकाय चुनावों से पहले 1800 बनाम 400 मतदाताओं का अंतर और आरक्षण का मुद्दा अब कस्बे की चुनावी चर्चाओं के केंद्र में आ गया है।

ई-रिक्शा चालकों के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर आज से

- पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देश पर ई-रिक्शा के लिए क्यूआर कोड डिजिटल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत जोनवार आवंटन की प्रक्रिया शुरू की

जयपुर। शहर में ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने और यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों के लिए विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर शुरू करने की पहल की है। परिवहन विभाग की ओर से 25 अगस्त से अजमेरी गेट स्थित यातायात नियंत्रण कक्ष (यादगार भवन) में शिविर लगाया जाएगा। यहां सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ई-रिक्शा चालकों के लर्निंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देश पर ई-रिक्शा के लिए क्यूआर कोड डिजिटल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत जोनवार आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

इसके लिए 1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदनों की जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों के पास ई-रिक्शा श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। इसे देखते हुए डिजिटल मैनेजमेंट प्रक्रिया में ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा जोड़ी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन प्रदीप मोहन शर्मा के पर्यवेक्षण और पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल के निर्देशन में शुरू किए जा रहे शिविर में चालकों को ई-रिक्शा और लाइसेंस से संबंधित आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। यातायात पुलिस ने चालकों से जल्द से जल्द लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ई-रिक्शा के डिजिटल जोन आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बिना पंजीकरण या निर्धारित जोन से बाहर संचालन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे ई-रिक्शा ब्लैकलिस्ट भी किए जा सकते हैं।

शाहपुरा में कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

शाहपुरा। शाहपुरा निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। निर्वाचन आयोग के द्वारा नगर निकाय चुनाव कार्यक्रम जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने मतदान केदो की व्यवस्थाओं व तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोमवार को जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद, एडिशनल एसपी लाखन सिंह,एसडीएम व तहसीलदार दाताराम गुर्जर के साथ मतगणना केंद्र कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्ष का अवलोकन किया।और अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्ट ने मतगणना के लिए सभी प्रस्तावित कक्षों का भी अवलोकन किया। उन्होंने गणना के लिए आवश्यक सुविधाओं व सुरक्षा इंतजामों की भी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी से विशेष रूप से ईवीएम मशीन रखने के स्थान,गणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहे इसको लेकर पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मतदान केदो पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विकलांग मतदाताओं के लिए रैंप की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्ष का अवलोकन किया।

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को मतदान केंद्र पर साफ सफाई, पेयजल, व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही मतदाताओं व मतदान कार्मिकों के लिए बैठने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने को कहा। जिला कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार दाताराम गुर्जर से कहा कि मतदान केदो पर आने वाले मतदाताओं व मतदान कार्मिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा चुनाव से पहले सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी किया जा चुका है ऐसे में मतदान केदो की लोकेशन का वेरिफिकेशन किया जा रहा है कि वहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं। बीएलओ से जानकारी ली जा रही है कि जो वोटर लिस्ट है उसके अर्कॉर्डिंग वार्डों के अंदर प्रॉपर लोकेशन डिस्प्ले हो ताकि लोगों को पता रहे कि कौन से वोटर का कहा बूथ है। इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने सभी स्थानीय अधिकारियों के साथ उपखंड कार्यालय में बैठक लेकर एसडीएम जेपी बैरवा से विस्तार से विचार विमर्श कर बूथों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की शिष्टाचार भेंट

चौमूं / कालाडेरा । सोमवार को जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान चौमूं विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, क्षेत्रीय जन-समस्याओं के समाधान, आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीतिक तैयारियों तथा प्रदेश के वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अत्यंत सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने पिछले दो बजटों में विधानसभा क्षेत्र चौमूं को करोड़ों रुपयों की सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा: "चौमूं विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और यहाँ की जनता का कल्याण हमारी सरकार एवं संगठन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। मुख्यमंत्री जी के साथ हुई इस बैठक में क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था, सड़क बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से बातचीत हुई है। प्रदेश सरकार चौमूं के हर वर्ग के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।"

एकादशी पर श्याम मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

निवाई। इंदिरा कॉलोनी में स्थित प्रसिद्ध श्याम मंदिर में एकादशी पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा श्याम के दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। एकादशी पर्व पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर समिति द्वारा विशेष रूप से मंगाए गए कलकत्ता के रंग-बिरंगे व सुगंधित फूलों से बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सतरंगी फूलों से सजे श्याम बाबा के दरबार के दर्शनों के लिए दिनभर भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। सायं सात बजे से मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। भजन संध्या में विख्यात भजन गायक नीरज गोस्वामी, महेश दरगड, मनीष साहू व कमल सुरिया सहित कई स्थानीय कलाकारों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्याम भक्तों ने देर रात तक जमकर भक्तिनृत्य किया। पूरा परिसर जय श्याम व हारे के सहारे के जयकारों से गुंजायमान रहा। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की महाआरती करके श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का विशेष प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव में सैकड़ों श्याम भक्त मौजूद रहे।

शिवालय में मंत्रोचारण के साथ सहस्त्रधटाभिषेक किया

निवाई। कृषि उपज मण्डी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर के शिवालय में श्रावण मास में प्रतिदिन मंत्रोचारण के साथ सहस्त्रधटाभिषेक किया जा रहा है। जिसमे पं. रामकल्याण शास्त्री झिलाय के सानिध्य में पं. गिर्राज शर्मा, प्रदीप शास्त्री, रमाकान्त शास्त्री एवं मोहित शास्त्री द्वारा प्रतिदिन सहस्त्रघट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हर-हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ भगवान शिवजी का जलाभिषेक किया। मंत्रोचारण व भगवान शिव के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। सोमवार को सुबह से ही इन्द्रदेव ने भगवान शिव का दिनभर जलाभिषेक किया। सहस्त्रघट के आयोजन को लेकर शिव पंचायत, भगवान लक्ष्मीनारायणजी एवं हनुमानजी की आकर्षक झांकी सजाई गई एवं कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करके भगवान शिवजी के जलशाभिषेक किया।

भोलेनाथ जी की झांकी सजाई

पावटा। सावन के अंतिम सोमवार को पावटा कस्बे में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा सहित विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया। सावन सोमवार के अवसर पर बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा सहित महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन कर शहद और घी से अभिषेक किया। वहीं पार्थिव शिवलिंग का श्रद्धापूर्वक निर्माण कर सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम सहित महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में दिनभर पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने और कपिल सरोवर के पवित्र जल से अभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। धार्मिक आस्था के इस पर्व के चलते सुबह से शाम तक भक्ति का माहौल बना रहा।

जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान दिवस पर अवकाश घोषित

अलवर। नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के अंतर्गत प्रथम चरण में मतदान दिवस 9 सितम्बर एवं द्वितीय चरण में 11 सितम्बर को जिले की संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र में अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के अंतर्गत प्रथम चरण में मतदान दिवस 9 सितम्बर को अलवर जिले में नगर निगम अलवर, नगर पालिका रामगढ़, नगर पालिका नौगांवा, नगर पालिका मालाखेड़ा एवं नगर पालिका बहादुरपुर तथा द्वितीय चरण में मतदान दिवस 11 सितम्बर को नगर पालिका कठूमर, नगर पालिका खेरली, नगर पालिका थानागाजी, नगर पालिका राजगढ़, नगर पालिका लक्ष्मणगढ़, नगर पालिका गोविन्दगढ़-रामबास एवं नगर पालिका बडौदामेव में मतदान होने की स्थिति में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) 1881 के अंतर्गत अवकाश रहेगा।

त्योहारी सीजन में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

कोटपूतली। अपर्णा गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत आज कोटपूतली में स्थित मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर मिश्रित मावा एवं मावा के नमूने लिए गए। इसके साथ ही मैसर्स राजस्थान स्वीट्स के गोदाम एवं दुकान का निरीक्षण कर मिल्क केक का नमूना तथा मैसर्स गोवर्धन स्वीट्स के गोदाम का निरीक्षण कर मिल्क केक का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संबंधित फर्मों को आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में किसी प्रकार की खाद्य पदार्थों में मिलावट की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना विभाग को दें।